# कार्यालय :- जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर

पत्रांक: C-1034 / जि० का०अधि० / आं०बा०च०/2024-25/ दिनांक 21 सितम्बर, 2024

## आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर भर्ती

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-19/2023/3975/58-1-2022-2/1(22)/10टी.सी.1 दिनांक 21.03.2023 के प्रावधानों के अनुसार जनपद हमीरपुर में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निम्नलिखित विवरण के अनुसार पद रिक्त है, जिन पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है -

| क्र०सं० | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | शहर | 7 |
| 2 | गोहाण्ड | 20 |
| 3 | सरीला | 14 |
| 4 | सुमेरपुर | 26 |
| 5 | मौदहा | 64 |
| 6 | राठ | 8 |
| 7 | कुरारा | 11 |
| 8 | मुस्करा | 14 |
| | कुल योग- | 164 |

उपरोक्त पदों का ग्रामवार विवरण एवं आरक्षण तथा अर्हता विभागीय वेबसाइट http//upanganwadibharti.in पर अपलोड कर दिया गया है।

**विशेष निर्देश :-**

1- उक्त पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे और आवेदन केवल ऑनलाइन http//upanganwadibharti.in वेबसाइड पर किया जा सकेगा।, 2- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए न्यूनतम योग्यता इण्टरमीडीएट पास होना आवश्यक है। इण्टरमीडिएट एवं स्नातक के अंको को मेरिट सूची में सम्मलित किया जायेगा।, 3- आवेदिका को रिक्त पद के ग्राम पंचायत/वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है।, 4- विधवा/तलाकशुदा / गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।, 5- ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर, 2024 होगी। (आवेदन विज्ञप्ति जारी होने के अगले एक या दो दिवस से कर सकेगें)।, 6- उपरोक्त पदों की अर्हता आवेदन की प्रक्रिया एवं विस्तृत जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें, तथा http//shasnadesh.up.in पर से उपरोक्त शासनादेश डाउनलोड कर ठीक प्रकार से पढ़ ले अथवा सम्बन्धित बाल विकास परियोजना या जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय विकास भवन कुछेछा, हमीरपुर से जानकारी प्राप्त कर लें।, 7- आवेदिका की आयु निर्धारित कट आफ डेट तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।, 8- चयन की प्रक्रिया पूर्वतः मैरिट पर आधारित पारदर्शी तरीके से होगी।

(शैलेन्द्र प्रताप सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी, हमीरपुर